कई बार कॉल लगाने के बाद भी नहीं आई एंबुलेंस

चिकित्सालय के गेट पर पहुंचते ही ऑटो में हुआ प्रसव

नवभारत न्यूज

सतना,14 मई. 108 अथवा जननी एंबुलेंस के लिए राज्य शासन द्वारा हर वर्ष करोड़ों रुपए का भारी-भरकम बजट आवंटित किया जाता है. लेकिन स्थानीय स्तर पर एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति क्या है इसकी तस्दीक कभी अवैध वसूली करने, तो कभी फर्जी बुकिंग के नाम पर कहीं और पहुंच जाने या फिर समय रहते हितग्राही तक नहीं पहुंच पाने के जरिए की जा सकती है.

कुछ ऐसा ही मामला गुरुवार को भी सामने आया जब बार बार कॉल करने के बावजूद एंबुलेंस नहीं पहुंची और आटो के जरिए अस्पताल लाने के दौरान गेट पर पहुंचते-पहुंचते महिला को प्रसव हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर से लगभग 51 किमी दूर रामपुर बघेलान के लेदरा बिहरा गांव की निवासी कोमल साकेत पति अजय साकेत को गुरुवार की सुबह से प्रसव पीड़ा शुरु हो गई. समय बीतने पर प्रसव पीड़ भी बढ़ने लगी. लिहाजा स्थिति को भांपते हुए पति अजय साकेत द्वारा 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया. उस दौरान यह जानकारी दी गई कि फिलहाल सभी एंबुलेंस व्यस्त हैं. यह सुनकर कुछ देर

इंतजार करने के बाद अजय ने फिर से कॉल किया. लेकिन हर बार कॉल किए जाने पर यही जानकारी मिलती रही कि कहीं कोई एंबुलेंस खाली नहीं है. इंतजार लंबा होता देख अजय ने फौरन अपने गांव से एक आटो को बुक किया. आटो में प्रसव पीड़िता पत्नी कोमल और अपनी मां श्रीमती मुन्नीबाई साकेत को बैठाकर वह लगभग 50 किमी दूर स्थित जिला चिकित्सालय के लिए निकल पड़ा. बताया गया कि दोपहर के 3 बजे जैसे ही आटो जिला चिकित्सालय के गेट पर पहुंचा वैसे ही महिला ने आटो में ही बच्चे को जन्म दे दिया.

जच्चा-बच्चा का उपचार जारी

आटो में महिला के प्रसव हो जाने की जानकारी मिलते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में स्टॉफ बाहर आया और किसी तरह संभालते हुए जच्चा-बच्चा को वार्ड में ले जाया गया. जहां पर भर्ती कर दोनों का उपचार शुरु किया गया. कुछ देर उपचार जारी रहने के बाद जच्चा-बच्चा दोनों की हालत में सुधार आना बताया गया. इस घटना से आक्रोशित परिजनों का कहना था कि एंबुलेंस चालकों को जहां पर जाने में कोई लाभ नजर नहीं आता है, वहां पर नहीं पहुंचने के लिए व्यस्तता का बहाना गढ़ लिया जाता है. इस मामले में स्थानीय कंट्रोल रुम के लोगों की भी मिलीभगत होती है.

ठेलों से टकराने के बाद दीवार से भिड़ी कार

विशाल मेगा मार्ट के सामने बड़ा हादसा टला

नवभारत न्यूज

सतना, 14 मई. शहर के स्टेशन रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट के पास गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े दो ठेलों को टक्कर मारने के बाद दीवार से जा भिड़ी। इस घटना में ठेला लगाने वाले एक युवक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि पुलिस ने कार चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अबेर निवासी अश्विनी कुशवाहा अपनी मां सावित्री कुशवाहा को खेरमाई रोड स्थित चिकित्सक को दिखाने गए थे। लौटते समय उन्होंने अपनी कार विशाल मेगा मार्ट के सामने रोकी। लेकिन जब वे दोबारा चलने लगे, तो अचानक उनका पैर एक्सीलेटर पर पड़ गया, जिससे कार अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार ने पहले गन्ने और फल के ठेलों को टक्कर मारी और फिर एक दीवार से टकराकर रुक गई।

ठेला संचालक को आई मामूली चोट

हादसे में ठेला लगाने वाले पप्पू गुप्ता को चोटें आईं। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक अश्विनी कुशवाहा को पूछताछ के लिए थाने ले गई।

आरोपी को 20 वर्ष की सजा व 50 हजार का जुर्माना

चिंहित जघन्य मामले में न्यायालय ने 28 महीने में सुनाया फैसला

नवभारत न्यूज

सतना 14 मई. विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमर सिंह सिसोदिया अष्टम अपर सत्र न्यायालय सतना द्वारा मासूम के साथ घिनौनी हरकत करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 50 हजार रु के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई. इस मामले में विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट अनूप कुमार गुप्ता द्वारा राज्य की ओर से अभियोजन का संचालन किया गया.

अभियोजन प्रवक्ता संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना जनवरी 2024 की है. शहर से सटे बगहा क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के मकान में किराए से मेडिकल स्टोर की दुकान संचालित है. महिला अपने घर के कामकाज में लगी हुई थी और उसकी 5 वर्षीय बेटी घर में खेल रही थी. इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति मेडिकल स्टोर पर पहुंचा और उसने वहां पर खेल रही मासूम को चाकलेट दिलाने का झांसा दिया. जिसके बाद वह मासूम को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया. लगभग आधे घंटे बाद जब बेटी नहीं दिखी तो मां ने खोजबीन शुरु की. मेडिकल स्टोर संचालक से पूछने पर उसने बताया कि निखिल मिश्रा नामक युवक मासूम को बाइक पर बैठाकर चाकलेट दिलाने ले गया है. यह सुनकर मां ने मेडिकल स्टोर संचालक से कहा कि फौरन फोन कर वापस बुलाए.फोन करने पर कुछ समय बाद निखिल मासूम को वापस ले आया. मां द्वारा पूछे जाने पर मासूम ने बताया कि चाकलेट देने के बहाने अंकल उसे सुनसान स्थान पर ले गए थे. जहां पर उन्होंने उसके साथ घिनौनी हरकत की. यह सुनकर माता-पिता बच्ची के साथ थाने पहुंचे और घटना की शिकायत की.

प्रस्तुत हुए 19 गवाह

घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस ने बिना देरी किए आरोपी निखिल को दबोच लिया. मूल तौर पर मारकुण्डी चित्रकूट का निवासी निखिल शहर के बगहा क्षेत्र में किराए का मकान लेकर रह रहा था. न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से कुल 19 साक्षियों को प्रस्तुत किया गया. वहीं इस मामले में डीएनए जांच ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उभयपक्ष को सुनने के बाद अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा उक्त दण्डादेश पारित किया गया.

नरवई की आग की चपेट में आकर हाइवा खाक

▶ उचेहरा के पिपरी कला गांव में हुआ हादसा, चालक सुरक्षित

नवभारत न्यूज

सतना, 14 मई. जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरी कला गांव में बुधवार देर रात नहर निर्माण कार्य में लगे एक हाइवा में भीषण आग लग गई। इस घटना में हाइवा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। हालांकि चालक को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिपरी कला क्षेत्र में नहर निर्माण का

कार्य जारी है, जिसमें कुछ हाइवा वाहन संलग्न हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक पास के खेतों में लगी नरवाई में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली और पास खड़े हाइवा वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। एक हाइवा में चालक मौजूद था। आग फैलते ही स्थानीय लोगों और उसके साथियों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दूसरा हाइवा पहले से खराब हालत में खड़ा था, जो आग की चपेट में आने के बाद पूरी तरह जल गया।

मिट्टी डालकर किया नियंत्रित

आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। जेसीबी की मदद से मिट्टी डालकर भी आग पर काबू पाया गया। बाद में स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।

कांग्रेस की जिला प्रभारी प्राची की महिलाओं के साथ बैठक आज

सतना, 14 मई. महिला प्रदेश अध्यक्ष के

निर्देश पर, सतना जिला महिला कांग्रेस प्रभारी प्राची शुक्ला द्वारा 15 मई को 12:00 बजे से जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष व विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल संगठन मंत्री द्वारा नागेश्वर मिश्रा एवं संजीव अग्रवाल जी की मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों, विधायकों, पूर्व विधायकों, महिला प्रत्याशियों और पार्षदों के साथ आगामी संगठनात्मक गतिविधियों व रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

सीबीएसई में लवडेल स्कूल के छात्रों ने रचा नया कीर्तिमान

नवभारत न्यूज

सतना, 14 मई. सीबीएसई की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में लवडेल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर शैक्षणिक गुणवत्ता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है.

विद्यालय के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर नगर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में कला संकाय में आर्या शुक्ला ने (96.6त्न) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उनके पश्चात नीलाक्षी पांण्डेय (96.4त्न), आदित्य प्रताप सिंह (95.8त्न), हर्षिता आहूजा (94.6त्न), स्वर्णिमा सिंह (93.6त्न), अनन्या पांण्डेय (93.4त्न), सृष्टि यादव (92.6त्न) एवं ओम पांण्डेय (91त्न) रहा। इसी कड़ी में विज्ञान समूह से दक्ष सिंह (90त्न) अंक प्राप्त कर अपने समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कामर्स समूह में रोमा बाटिजा (95.2त्न) अंक अर्जित कर अपने समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय चेयर मैन मृगेन्द्र सिंह डायरेक्टर विनय सिंह एवं प्राचार्य श्रीति सोम ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के चेयर मैन ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके कारण विद्यार्थी हर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम देने में सफल हो रहे हैं। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम से नगर में हर्ष का वातावरण है। स्थानीय नागरिकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने विद्यालय की उपलब्धि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्य की प्रमुख धरोहरों से रूबरू हुए विजेता छात्र

नवभारत न्यूज

सतना, 14 मई. मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत चयनित विजेता एवं उपविजेता छात्र दलों का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक 4 दिवसीय भ्रमण पूरा हो गया।

जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित होने का अवसर प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीमों को ऐतिहासिक नगरी ओरछा एवं विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो के भ्रमण का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने ओरछा में राजा महल, जहांगीर महल, रामराजा मंदिर, चतुर्भुज मंदिर तथा बेतवा नदी तट की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक छटा का अवलोकन किया। वहीं खजुराहो में पश्चिमी समूह के मंदिर, कंदरिया महादेव मंदिर एवं प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला की अद्भुत विरासत को निकट से देखा।। लाइट एंड साउंड शो खजुराहो और ओरछा में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर क्विज मास्टर डॉ. रामानुज पाठक, श्रीमती मनीषा शर्मा एवं श्रीमती रेखा सिंह ने विद्यार्थियों का सतत मार्गदर्शन किया।

तैयारियों को लेकर हुई व्यवस्था समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

सतना, 14 मई. आगामी 24 एवं 25 मई को सतना के संगम बेला में आयोजित होने जा रहे भाजपा के दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भरहुत नगर स्थित पार्टी कार्यालय मे भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में प्रशिक्षण वर्ग व्यवस्था समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों की समीक्षा की गई !

भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग मे कुल 11 सत्र होगें जिसमे प्रदेशस्तरीय विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण देगे। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग मे सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी सभी को रात्रि विश्राम अनिवार्य किया गया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्येश्य एक अनुशासित कार्यकर्ता के साथ-साथ जमीनी स्तर पर विचारधारा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि जिन सदस्यों को व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है वो सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें। प्रशिक्षण वर्ग टोली के प्रभारी श्री रमाकांत गौतम ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के माध्यमू से एक ऐसा मजबूत कार्यकर्ता तैयार करेगे जो बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम करेगा।

न्यायिक कार्यों के संबंध में वार्ता बैठक कल

नवभारत न्यूज

सतना, 14 मई. आगामी 16 मई 2026 को उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा न्यायिक कार्यों के संबंध में एक महत्वपूर्ण वार्ता एवं बैठक गीता भवन सुभाषचंद्र बोस हाल बड़ी ओमती जबलपुर में प्रात: समय 9.30 बजे से आयोजित की गई है।

इस बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों सहित शासकीय अभिभाषक एवं अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक (समस्त) जिला सतना/मैहर तथा जिला अभियोजन अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक की जानकारी देते हुए रमेश मिश्रा शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक (जीपी) ने बताया बैठक का मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं में समन्वय स्थापित करना और स्थानीय स्तर पर अधिकारियों के बीच कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने बताया कि बैठक में सम्मिलित होने वाले सभी संबंधित अधिकारियों की सूची तैयार कर ली गई है ।इस हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतना के आदेशानुसार विशेष न्यायाधीश एक्ट्रिसिटीज सतना प्रशांत निगम एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सतना पी के सोंधिया ने स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर रूपरेखा तैयार की हैं ताकि उच्च न्यायालय के आदेशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जा सके। 16 मई को निर्धारित स्थान पर समय पूर्व उपस्थिति हेतु सभी संबंधितों को निर्देशित किया गया है।

प्रभारी मंत्री राधा सिंह आज मैहर आएंगी

मैहर 14 मई .मध्यप्रदेश शासन की

पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह 15 मई को बैढन से कार द्वारा प्रात: 11.30 बजे मैहर आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस में प्रबंध समिति की बैठक लेंगी।

एक नजर में

उत्कृष्ट प्रगणकों का सम्मान

सतना . जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने की ।सम्मानित होने वालों में रघुराजनगर से शिक्षक केके शुक्ला, राजकुमार वर्मन, जावेद, शैलेश तिवारी, ओ.बी. शुक्ला तथा कोठी से उमेश कुमार शर्मा, अनामिका लहरी, विवेक वर्मा, महेन्द्र सिंह, किशोर नामदेव, मनीष सोनी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

राजेश को पीएचडी की उपाधि मिली

सतना . स्थित एकेएस विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय अंतर्गत मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एक महत्वपूर्ण शोध उपलब्धि दर्ज की गई है। विश्वविद्यालय के शोधार्थी डॉ. राजेश कुमार मिश्र को डिजाइन डेवलपमेंट एंड परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन ऑफ चिमनी असिस्टेड ग्रीन हाउस सोलर ड्रायर फॉर व्हीट एंड पैडी विषय पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध कार्य मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीहर पाण्डेय के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। अध्ययन में भारत के किसानों के समक्ष आने वाली एक गंभीर समस्या गेहूं एवं धान की फसलों में कटाई के बाद अधिक नमी स्तर के कारण फसलों का खराब होना तथा भंडारण के दौरान सड़ने की समस्या का वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किया गया है।

असीम बनर्जी का निधन दु:खद : सुरेंद्र शर्मा

सतना . जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने समाजसेवी प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी के पिता वरिष्ठ स्वयं सेवक देहदानी दादा असीम बनर्जी के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व बनर्जी एक नेक इंसान थे उनकी सहजता, शालीनता और सदभाव अपनी एक विशेषता थी इसीलिए उन्होंने समाज में अपना विशिष्ट स्थान बनाया समाजसेवा के क्षेत्र में उनके दिये योगदान के लिए हमेशा आदर और सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

अतिक्रमण व पार्किंग के चलते बेनूर हुए शहर के चौराहे

नवभारत पहल

नवभारत न्यूज

सतना, 14 मई. स्मार्ट सिटी का सपना देख रही शहर की जनता इसकी जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ है.शहर में हर घण्टे लगने वाले जाम और सावर्जनिक स्थानों पर ब? रहे अतिक्रमण ने पूरी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है.

नगर निगम प्रशासन की मौन कार्यप्रणाली ने शहर के मुख्य चौराहों को अव्यवस्था का केंद्र बना दिया है। शासन ने करोड़ों रुपये खर्च कर फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए व्यवस्थित मंडियां तो बनवा दीं, लेकिन विडंबना यह है कि ये मंडियां शो

पीस बनी हुई हैं .पूरे शहर की मुख्य स?कें फुटपाथ और हाथ ठेलों के चलते फिरते बाजार में तब्दील हो गई हैं.सेमरिया चौक पर स्थिति सबसे अधिक भयावह है। यहाँ पार्किंग के लिए निर्धारित स्थानों पर अब फलों के ठेले सज रहे हैं। जिसके कारण गाड़ियो के खड़े होने की जगह नहीं है जब पार्किंग की जगह पर अतिक्रमण होगा, तो वाहन चालक मजबूरन अपनी गाड़ियाँ बीच सड़क पर खड़ी कर रहे हैं। शाम होते ही यहाँ पैर रखने तक की जगह नहीं बचती। खरीदारों की भीड़ और बेतरतीब खड़े ठेले किसी बड़े हादसे को खुला आमंत्रण दे रहे हैं. ठेले का अतिक्रमण यह केवल सेमरिया चौक तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के लगभग हर प्रमुख चौराहे को अपनी चपेट में ले चुकी है .**बस स्टैंड क्षेत्र** - यात्रियों की भारी आवाजाही के बावजूद यहाँ ठेले वाले मुख्य मार्ग को घेरे रहते हैं, जिससे बसों के निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है ।**पन्नीलाल चौक** -यह शहर का मुख्य चौराहा है, अस्पताल चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग में हाथ ठेले लगे होने के कारण यहाँ पार्किंग व्यवस्था सड़क पर ही रहती जिसके कारण यातायात बाधित हो रहा है **सर्किट हाउस चौराहा** - वीआईपी मूवमेंट वाले इस क्षेत्र में नगर निगम की ओर जाने वाली सड़क में ठेलों ने अपनी जड़ें जमा ली हैं, जिससे चौड़ी सड़कें भी अब संकरी नजर आती हैं।

सिविल लाइन और जयस्तंभ चौक

यहाँ भी स्थिति कमोबेश वैसी ही है। अतिक्रमण हटाओ दस्ता आता तो है, लेकिन उनकी कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित रह गई है। सरकार ने करोड़ों खर्च कर मंडी बना दी है, तो व्यापारियों को वहां शिफ्ट क्यों नहीं किया जा रहा? प्रशासन की मिलीभगत और इच्छाशक्ति की कमी का खामियाजा आम जनता जाम में फंसकर भुगत रही है ।नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता महीने में एक-दो बार सक्रिय होता है लेकिन खानापूर्ति के लिए कार्य करता है कुछ ठेलों को हटाया जाता है, लेकिन दस्ता जैसे ही ओझल होता है, स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। स्थायी समाधान न होने के कारण छोटे व्यापारियों के हौसले बुलंद हैं।